सैन्टर को नहीं सौंप रहे हैं । चौधरी रिजक राम ने अपने लम्बे चौड़े ज्ञान से जंगलात के बारे में जो सुझाव दिए हैं, उनसे हम फायदा उठाना चाहते हैं । जहां तक जंगलात के महकमे का सवाल है, उन्होंने पिछले कुछ सालों में इस बात का पूरा प्रयत्न किया है कि हम ज्यादा से ज्यादा वृक्ष लगाएं! जहां भी जगह मिल जाए, सड़क के किनारे! नहर के किनारे । रेगिस्तानी इलाके में । हमारे प्रदेश में कुछ पहाड़ी इलाके भी हैं, जैसे मोरनी हिल्ज जो अम्बाला ' जिले में है । उन सब में ज्यादा से ज्यादा वृक्ष लगाने का प्रयत्न किया गया है । वृक्ष किस जगह कैसे लगने चाहिएं । किन हालात में लगने चाहिएं, किस इलाके में कौन से उपयोगी हो सकते हैं, इस बात का पूरा विचार किया गया है । चौधरी रिजक राम ने इजरायल का प्रश्न भी उठाया कि इजरायल में बडे अच्छे ढंग से दरख्त लगाए जाते हैं, लेकिन हमें यह भी देखना चाहिए कि उनके साधन कितने लम्बे चौड़े हैं । उन्हें कितने साधन उपलब्ध हैं । उन्होने सारे रेगिस्तान को सप्रींकलर्ज इरीगेशन से कवर किया है । वहां तो फव्वारों से सिंचाई होती है । उनके साधन लम्बे चौड़े हैं । चाहते तो हम भी हैं, लेकिन हमारे साथ तो मोर वाली बात है । मोर जब नाचता है, तो बड़ा खुश होता है । लेकिन जब पैरों की तरफ देखता है, तो बड़ा दुखी होता है । चाहते हम भी हैं हरियाणा को इजरायल बनाना, लेकिन जब साधन देखते हैं, तो लिमिटेड हैं, सीमित हैं! तो हम मजबूर हो जाते हैं । खैर, हम कोशिश कर रहे हैं कि दूसरे देशों की अच्छी चीजों को हम अपनाएं और उनसे फायदा उठाए । चौधरी रिजक राम जी

से मैं निवेदन करूंगा कि उनके जो इस बात पर सुझाव हैं, वे हमें दें । हमारे महकमा जंगलात को दें । जो उपयोगी सुझाव होंगे । उन पर हम अमल करेंगे, और उनसे फायदा उठाएंगे लेकिन जहां तक प्रस्ताव का सम्बन्ध है । मैं सदन से प्रार्थना करुंगा कि इसे स्वीकार कर लिया जाए! ताकि जंगलात के बारे में एक यूनिफार्म पालिसी सारे हिन्दुस्तान के लिए बन सके ।

Mr. Speaker : Question is—

That "WHEREAS this Assembly considers that in furtherance of the objectives set out in the National Forest Policy Resolution dated 12th May, 1952 of the Government of India, Ministry of Food and Agriculture, Department of Agriculture, published in the Gazette of India dated 12th May, 1952, it is expedient to consolidate and amend the law relating to forests th a view to have a uniform law throughout India for the management and preservation of forests and forest wealth and for all matters connected together with or ancilliary or incidental thereto ;

AND WHEREAS the subject matter of such a law is relatable mainly to entry 19 (Forests), and incidentally to certain other entries, of List II of the Seventh Schedule to the Constitution of India ;

AND WHEREAS Parliament has no power to make laws for the States with respect to the matters aforesaid except as provided in articles 249 and 250 of the Constitution of India ;

AND WHEREAS it appears to this Assembly to be

desirable that the aforesaid matters should be regulated in the State of Haryana, by Parliament, by law ;

NOW, THEREFORE, in the exercise of the powers conferred by clause (1) of article 252 of the Constitution of India, this Assembly hereby resolves that all matters falling under entry 19 of List-II-State List of the Seventh Schedule to the Constitution of India and all matters connected therewith or ancilliary or incidental thereto should be regulated in the State of Haryana, by Parliament, by law.".

The motion was carried.

दि हरियाणा एप्रोप्रिएशन (नं० 2) बिल 1976

Finance Minister (Shri Ram Saran Chand Mital) : Sir, I beg to introduce the Haryana Appropriation (No. 2) Bill, 1976.

Sir, I also beg to move:—

That the Haryana Appropriation (No. 2) Bill be taken into consideration at once.

Mr. Speaker : Motion moved—

That the Haryana Appropriation (No. 2) Bill be taken into consideration at once.

Mr. Speaker : Question is—

That the Haryana Appropriation (No. 2) Bill be taken into consideration at once.

The motion was carried.

Mr. Speaker : Now the House will take up the Bill clause by clause.

Clauses 2 & 3

Mr. Speaker : Question is—

That clauses 2 and 3 stand part of the Bill.

The motion was carried.

Schedule

Mr. Speaker : Question is—

That Schedule be the Schedule of the Bill.

The motion was carried.

Clause 1

Mr. Speaker : Question is—

That clause 1 stand part of the Bill.

The motion was carried.

Enacting Formula

Mr. Speaker: Question is—

That Enacting Formula be the Enacting Formula of the Bill.

The motion was carried.

Title

Mr. Speaker : Question is—

That Title be the Title of the Bill.

The motion was carried.

Finance Miuister :(Shri Ram Saran Chand Mital) Sir, I beg to move—

That the Haryana Appropriation (No. 2) Bill be passed.

Mr. Speaker : Motion moved—

That the Haryana Appropriation (No.2) Bill be passedi

Mr. Speaker : Question is—

That the Haryana Appropriation (No. 2) Bill be passed.

The motion was carried.

दि पंजाबबैटरमेंट चार्जिज एण्ड एकरेज रेट्स

(हरियाणा रिपीलिग) बिल, 1976

State Minister for Irrigatiou and Power (Sardar Harmohinder Singh Chatha) : Sir, I beg to introduce the Punjab Betterment Charges and Acreage Rates (Haryana Repealing) Bill, 1976.

Sir, I also beg to move—

That the Punjab Betterment Charges and Acreage

Rates (Haryana Repealing) Bill be taken into consideration at once.

Mr. Speaker : Motion moved—

That the Punjab Betterment Charges and Acreage Rates (Haryana Repealing) Bill be taken into consideration at once.

चौधरी रिजक राम (राई) स्पीकर साहब, इस बिल के द्वारा बेटरमैंट लेवी और एकरेज चार्जिज वगैरा जो सन 1954 केएक्ट से लागू थे, उनको खत्म करने के लिए तजवीज हुई है । वैसे इस बारे में तो किसी को मतभेद नहीं हो सकता कि यह बिल बहुत ही मुनासिब है, लेकिन हरियाणा में सन 1954 से एडवांस बैटरमैट लवी वगैरा वइल की जा रही थी और आजं तक जो खेद की बात है वह यह है कि सरकार को यह मालूम नहीं कि किस कदर रपया इसके द्वारा इकट्ठा किया गया है । ` पीकर साहब, आए साल एडवांस लैवी फार शडयूल बनाकर वसूल करती रही है और इसके बारे में पंजाब के किसानों की तरफ से भी और हरियाणा के किसानों की तरफ से भी हाईकोर्ट में रिट–पैटीशन हुई और हाईकोर्ट ने बैटरमैंट लैवी की वसूली को बन्द करने का फैसला दिया और कहा कि सरकार जब तक यह नहीं बताए, किसान को पूरी तरह वाजह न करे कि कितना रुपया उन्होंने इस मद के द्वारा वसूल करना है और कितना वह वसूल कर चुकी है उस वक्त तक यह वसूली नहीं की जा सकती । सरकार इस संशय में थी कि किस तरह से यह रुपया वसूल किया जाए? अब इस

बिल के द्वारा उस बैटरमैंट लैवी को समाप्त करने की तजवीज है, लेकिन साथ ही इस बिल के अन्दर जो आच्चौक्ट्स ऐंड रीजन्ज दिए हैं, उनमें लिखा है कि बैटरमैंट लैवी को हम खत्म कर रहे हैं लेकिन इसके साथ–साथ आबयाना भी हमें बढ़ाना पड़ रहा है, क्योंकि किसान जो जिस पैदा करता है, उसकी माल बढ़ गई है, पहले वह जितना एक एकड़ में पैदा करता था, अब उससे कई गुणा ज्यादा पैदा करने लग गया है । जो भाव पहले फसल के मिलते थे, अब उससे ज्यादा मिलते हैं और जो नहरों के बनाने में या प्रोजैक्ट के पूर्ण करने में खर्चा है वह बहुत ज्यादा हो गया है । यह दलील इन उद्देश्यों और कारणों में दी गई है । इसमें कोई सन्देह नहीं कि नहरें बनाने का जो खर्चा है, वह ज्यादा है, उसमें बढौत्तरी हुई है । इसमें भी कोई सन्देह नहीं कि किसान की पैदावार में भी बढ़ौतरी हुई है, भाव भी उसको ज्यादा मिलते हैं, लेकिन दो बातों की तरफ मैं आपके द्वारा सदन में अर्ज करना चाहता हूं । जहां तक आबयाना बढ़ाने का सवाल है, उसको बढाने से पहले सरकार को और ज्यादा सोच–विचार करना चाहिए था ।

श्री अध्यक्ष : आर्डर प्लीज । आब्जैक्ट्स ऐंड रीजन्ज में आबयाना बढ़ाने के बारे में तो नही है ।

चौधरी रिजक राम : आब्जैक्ट्स ऐंड रीजन्ज में दिया हुआ है ।

Mr. Speaker : Occupiers rates have been increased with effect from Kharif, 1975. It has already been increased.

चौधरी रिजक राम : स्पीकर साहब बैटरमैंट लैवी को खत्म करके आकूपाइरज रेटस बढ़ा दिए हैं ।

श्री अध्यक्ष : वे तो पहले ही बढ चुके हैं ।

चौधरी रिजक राम : बिना विचार किए ही बढ़ा दिए हैं । (हंसी)

श्री अध्यक्ष : इस बिल में तो सिर्फ बैटरमैंट लैवी अबोलिश करने के बारे में है । अब सवाल तो यह है कि आप बैटरमैंट लैवी को अबोलिश करवाना चाहते हैं या अबोलिश नहीं करना चाहते हैं, इस बारे में आप बोल सकते हैं ।

चौधरी रिजक राम : चाहते तो हैं कि बैटरमैंट लैवी अबोलिश हो, लेकिन इन्होंने जो आबयाना बढ़ाया है, यह नहीं बढ़ना चाहिए था ।

मुख्य मंत्री (श्री बनारसी दास गुप्त) : स्पीकर साहब, बोलने की कोई बात हो तो चौधरी साहब बाल लें, वरना बोलने की. कोई बात तो इस बिल में है नहीं ।

श्री अध्यक्षः जो चौधरी साहब बोल रहे हैं, वहरैलेवैन्ट भी नहीं है ।

चौधरी रिजक रामः अगर ज्यादा रैलेवैन्ट नहीं है, तो पांच मिनट में खत्म करता हूं । स्पीकर साहब मैं दो बातों के बारे में अर्ज करना चाहता हू ज्यादा तकसील मैं नहीं जाना चाहता ।

एक तो जो इनको यह ख्याल एं कि किसान की पैदावार बढी है, या उनको भाव अच्छे मिल रहे हैं, लेकिन सरकार दूसरे पहलू को बिल्कुल नजर–अन्दाज कर रही है ।

Mr. Speaker Order please. I do not think I shall allow it now

श्री अमर सिंह : आन ए प्यायट आफ आर्डर सर । मैं आपकी रूलिंग चाहता हूं । इसी सदन में चौधरी रिजक राम जी ने सिफारिश की थी और तब यह आबयाना बढा था, क्योंकि वे रिसोर्सिज कमेटी के चेयरमैन थे । अब बढ़ने के बाद ये कह रहे हैं कि आबयाना क्यों बढ़ाया गया?

Mr. Speaker Order please. I have not allowed him to speak on that subject.

चौधरी रिजक : राम जनाब स्पीकर साहब, चौधरी अमर सिंह जी ने जो बात कही है, वह 'बिल्कुल निराधार है । बाबू गुलाब सिंह जी ने और मैंने तो यह कहा था कि आबयाना बढ़ाने के लिए कोई माकूल वजोहात नहीं है । पता नहीं, इन्होंने कहां से देख लिया कि मैरी सिफारिश पर आबयाना बढ़ा है । मैंने तो यह कहा था कि कोई माक स वजोहात नहीं है । हमने तो बढाने की सिफारिश ही नहीं की । हमने तो बड़ी दलील दी, तर्क दिए, लेकिन सरकार नहीं मानी और सरकार ने अपनी मर्जी से बढ़ाया है । एक बात पर मैं अब भी कायम हूं और हाउस में कहने के लिए तैयार हूं, जो अपना यकीदा हो तो वह बात कहनी भी चाहिए चाहे

वह बाद में हक में न भी जाए । खर्चा अगर बढ़ा है, तो आबयाना बढाया जा सकता है, लेकिन आबयाना बढ़ाने के साथ वाल्यूम आफ वाटर भी बढ़ना चाहिए । अगर आबयाना वासलऊम आफ वाटर से लिंक नहीं करते हैं, तो यह गलत है । आप पानी लो सारी फसल में, सारे मौसम में एक देते हो और आबयाना बढ़ाते हो, सात या आठ गुना । इससे ज्यादा बे इन्साफी कोई हो नहीं सकती । पिछली बार यहां सैशन में आडिटर जनरल की रिपोर्ट पढ़ी गई थी ।

Mr. Speaker Order please No, I will not allow you to go to that extent.

चौधरी रिजक राम : आबयाना बढ़ाने का सवाल है, उसमें वाल्यूम आफ वाटर, सप्लाई आफ वाटर से लिंक होनी चाहिए । वैसे ही आबयाना बढ़ाते जाना और पानी न बढ़ाना कोई जस्टिफिकेशन नहीं है ।

मुख्य मंत्री (श्री बनारसी दास गुप्त) : मैं इस पर कुछ अधिक बोलना नहीं चाहता । मैं केवल दो बातों के बारे में कहना चाहता हूं । ये जो वाटर रेट्स बढ़ाए गए हैं, ये नयी नहरें बनाने का खर्चा अलग है और जो हम इनवैस्टमैंट करते हैं, उस पर इंट्रैस्ट लगता है, वह भी अलग है । जो हमारे रिकरिंग एक्सपैंसिक हैं, साल में उससे भी दो करोड़ रुपया कम हमें वाटर रेट्स से मिलता है । चौधरी साहब के नालेज में यह बात है या नहीं, इसका मुझे पता नहीं, लेकिन जो हमारे रिकरिंग

एक्सपैंसिज हैं, साल में उनसे भी दो करोड़ रुपया हमें कम मिलता है । यह जो बिल आज सदन के सामने प्रस्तुत है, इसमें तो केवल बैटरमैंट लेवी को अबोलिश करने की बात है, जिससे शायद मेरे काबिल दोस्त भी एग्री करेंगे ।

श्री अध्यक्ष : चौधरी अमर सिंह जी ने इररैलेवैन्ट मैटर, खामख्वाह इंट्रोडचूस कर दिया । That was neither a Point fo Order nor it was relevant to the issue.

चौधरी शिव राम वर्मा (नीलोखेडी) : आदरणीय अध्यक्ष महोदय यह जो बिल आया है, वैसे तो स्वागत के योग्य है कि बैटरमैंट चार्जिज खत्म किए जा रहे हैं लेकिन इसके साथ ही बिल में हुक अजीब सी बात हुई है कि सरकार ने पहले आबयाना से अब आबयाना तीगुना कर दिया है ।

Mr. Speaker Order please. Nothing about abiana

चौधरी शिव राम वर्मा: स्टेटमैंट आफ आब्जैक्ट ऐंड रीजन्ज में इसके बारे में चर्चा है ।

श्री अध्यक्ष : आपकी आगुइमैंट है कि आबयाना नहीं बढ़ना चाहिए । इसको खत्म कर देना चाहिए, लेकिन. आबयाना तो पहले ही बढ़ चुका है ।

चौधरी शिव राम वर्मा : स्पीकर साहब, सरकार ने जो आबयाना बढ़ाया है उसकी चर्चा इस बिल के उद्देश्य और कारणों में है । इन्होंने तिगुना के करीब आबयाना बढ़ा दिया है । बैटरमैंट

चार्जिज तो सरकार ने फिर भी लगा दिए । जहां–जहां पानी का लाभ पहुंचा है, उन जमीनों पर बैटरमैंट चार्जिज वसूल करने की बात थी, लेकिन आबयाना सब के ऊपर बढ़ा दिया है, चाहे पानी पहले से कम मिलता है या ज्यादा मिलता है ।

Mr. Speaker : Order please. This is not relevant to the Bill. It is about the abolition of the betterment levy.

चौधरी शिव राम वर्मा : यह दलील दी है कि आबयाना बढ़ा दिया है, इसलिए हम इसको खत्म कर रहे हैं यह बात इसके साथ जुड़ी हुई है ।

चौधरी रिजक राम : स्पीकर साहब, बात यह हैकि गवर्नमैंट ने खुद ही यह डिस्कशन इनवाइट की है । ऐमज ऐंड आब्जवट्स में यह लिख दिया कि हम ने आबयाना बढा दिया है । (विस्त)

Mr . Speaker : Order please. You just read the objects and reasons of the Bill. This is not there from कि बढा दिया गया है Kharif, 1975.उसकी वजह से नहीं कर रहे हैं ।

चौधरी रिजक राम : वह तो ठीक है. ।

Mr. Speaker : In order to avoid hardship to the farmers, it has been decided to abolish the betterment charges.

चौधरी शिव राम वर्मा : अध्यक्ष महोदय, इससे हार्डशिप

तो पहले से भी ज्यादा हो गई है?– (विध्न) –

15.00 बजे

श्री बनारसी दास गुप्तः बैटरमैंट लैवी समाप्त करने से?

चौधरी शिव राम वर्मा : बैटरमैंट लैवी से नहीं, आबयाना बढ़ाने से । –(विघ्न) –

श्री बनारसी दास गुप्त : वह तो बढ चुका । उस पर तो आप बोल चुके । उस पर डिस्कशन हो चुकी ।

चौधरी शिव राम वर्मा : उस पर तो डिस्कशन हुई नहीं । –(विघन)–

श्री अध्यक्ष : आर्डर प्लीज–आर्डर प्लीज । या तो आप बिल के हक में बोलें या बिल के खिलाफ । आप बिल के हक में हैं या खिलाफ हैं?

चौधरी शिव राम वर्मा : यह तो मैंने खड़े होते ही कह दिया था कि यह जो बैटरमैंट चार्जिज समाप्त हो रहेहैं, यहतो एक अच्छी बात होने जा रही है, लेकिनजो आबयाना बढ़ाया है, यह बे–इन्साफी है । उस पर तो सरकार को दोबारा सोचना चाहिए, क्योंकि वह चीज तो सदन में आई नहीं । – (विघन) –

श्री गिरीश चन्द्र जोशी : आन ए प्वांयट आफ आर्डर सर । स्पीकर साहब, मैं आपकी रूलिंग चाहूंगा कि जो यह बिल है,

उसके एम्ज ऐंड आब्जैक्ट्स को लेकर और बिल के कन्टैन्टस को नजरअन्दाज करके जो वक्त जाया कर रहे हैं, क्या यह उचित है?

Mr. Speaker: Order please. I have already said that it is not relevant and he should speak on the Bill.

चौधरी शिव राम वर्मा : अध्यक्ष महोदय, ये बैटरमैंट चार्जिज समाप्त कर रहे हैं । उसके साथ ही जो आबयाना इस फसल से बढ़ा रहे है इस पर भी सरकार पुनर्विचार करे, क्योंकि यह बहुत ज्यादा है । किसान को फसल से कुछ भी नहीं बच रहा है क्योंकि पानी पहले से भी कम मिलता है और आबयाना एकदम तिगुने रेट से है । (विध्न)...

श्री अध्यक्ष : वर्मा साहब को इतना तो ख्याल होना चाहिए कि इस बिल के द्वारा सरकार न अबयाना बढा सकती है और न घटा सकती है ।

चौधरी शिव राम वर्मा : मैं तो सरकार को सुझाव दे रहा हूं । जहाँ तक इस बिल का ताल्लुक है, यह तो एक अच्छी बात है ।

Mr. Speaker : Question is—

That the Punjab Betterment Charges and Acreage Rates (Haryana Repealing) Bill be taken into consideration at once.

The motion was carried.

Mr. Speaker : Now the House will take up the Bill clause by clause.

Sub-clause-(2) of clause 1

Mr. Speaker : Question is—

That sub-clause (2) of clause 1 stand part of the Bill.

The motion was carried.

Clauses 2 aud 3

Mr. Speaker : Question is—

That clauses and 3 stand part of the Bill.

The motion was carried.

Sub-clause (1) of clause 1.

Mr. Speaker : Question is—

That sub-clause (1) of clause 1 stand part of the Bill.

The motion was carried.

Enacting Formula

State Miuister for Irrigation aud Power (Sardar Harmohinder Singh Chatha) : Sir, I beg to move—

That for the words "Twenty-sixth", the words "Twenty-seventh" be substituted.

Mr. Speaker : Motion moved—

That for the words "Twenty-sixth", the words "Twenty-seventh" be substituted.

Mr. Speaker : Question is—

That for the words "Twenty-sixth", the words "Twenty-seventh", be substituted.

The motion was carried.

Mr. Speaker : Question is—

That Enacting Formula, as amended, be the Enacting Formula of the Bill.

The motion was carried.

Title

Mr. Speaker : Question is—

That Title be the Title of the Bill.

The motion was carried.

State Minister for Irrigation and Power (Sardar Harmohinder Singh Chatha) : Sir, I beg to move-

That the punjab Betterment Charges and Acreage Rates (Haryana Repealing) Bill, as amended, be passed.

Mr. Speaker : Motion moved—

That the Punjab Betterment Charges and Acreage Rates (Haryana Repealing), Bill, as amended, be passed.

Mr. Speaker : Question is—

That the Punjab Betterment Charges and Acreage Rates (Haryana Repealing) Bill, as amended, be passed.

The motion was carried.

दि पंजाब अरबन इम्मूवेबल प्रोपर्टी टैक्स (हरियाणा अमैंडमैंट) बिल, 1 976

Excise and Taxation Minister (Shri Shyam Chand) : Sir, **I** beg to introduce the Punjab Urban Immovable Property Tax (Haryana Amendment) Bill, 1976,

Sir, **I** also beg to move—

That the Punjab Urban Immovable Property Tax (Haryana Amendment) Bill be taken into consideration at once.

Mr. Speaker : Motion moved—

That the Punjab Urban Immovable Property Tax (Haryana Amendment) Bill be taken into consideration at once.

Mr. Speaker : Question is—

That the Punjab Urban Immovable Property Tax (Haryana Amendment) Bill be taken into consideration at once.

The motion was carried.

Mr. Speaker: Now the House will take up the Bill clause by clause.

Sub-clause (2) of clause 1

Mr. Speaker : Question is—

That sub-clause (2) of clause 1 stand part of the Bill.

The motion was carried.

Clauses 2 and 3

Mr. Speaker : Question is—

That clauses 2 and 3 stand part of the Bill.

The motion was carried.

Sub-clause (1) of clause 1.

Mr. Speaker : Question is—

That sub-clause (1) of clause 1 stand part of the Bill.

The motion was carried.

Enacting Formula

Excise and Taxation Minister (Shri Shyam Chand) : Sir, **I** have to move a minor amendment.

Mr. Speaker : Yes.

Shri Shyam Chand : Sir, I beg to move—

That for the words "Twenty-sixth", the words "Twenty-seventh", be substituted.

Mr. Speaker : Motion moved—

That for the words "Twenty-sixth", the words "Twenty-seventh", be substituted.

Mr. Speaker : Question is—

That for the words "Twenty-sixth", the words "Twenty-seventh", be substituted.

The motion was carried.

Mr. Speaker : Question is—

That Enacting Formula, as amended, be the Enacting Formula of the Bill.

The motion was carried.

Title

Mr Speaker : Question is—

That Title be the Title of the Bill.

The motion was carried

Excise and Taxation Minister (Shri Shyam Chand) Sir, I beg o move—

That the Punjab Urban Immovable Property Tax (Haryana Amendment) Bill, as amended, be passed.

Mr. Speaker : Motion moved—

That the Punjab Urban Immovable Property Tax (Haryana Amendment) Bill, as amended, be passed.

Mr. Speaker : Question is—

That the Punjab Urban Immovable Property Tax (Haryana Amendment) Bill, as amended, be passed.

The motion was carried.

दि पंजाब एग्रीकल्चरल प्रोडयूस मार्किट्स (हरियाणा अमैंडमैंट एण्ड वैलिडेशन) बिल, 1976

Agriculture Minister (Col. Maha Singh) : Sir, I beg to introduce the Punjab Agricultural Produce Markets (Haryana Amendment and Validation) Bill, 1976.

Sir, I also beg to move—

That the Punjab Agricultural Produce Markets (Haryana Amendment and Validation) Bill be taken into consideration at once.

Mr. Speaker : Motion moved—

That the Punjab Agricultural Produce Markets (Haryana Amendment and Validation) Bill be taken into consideration at once.

Mr. Speaker : Question is—

That the Punjab Agricultural Produce Markets (Haryana Amendment and Validation) Bill be taken into consideration at once.

The motion was carried.

Mr. Speaker : Now the House will take up the Bill clause by clause.

Clause 2

Mr. Speaker : Question is—

That clause 2 stand part of the Bill.

The motion was carried.

New Clause 2 A

Shri Girish Chander Joshi (Yamunanagar) : Sir, I beg to ask for leave that after clause 2 of the Bill, the following shall be inserted, namely :—

"2A . In Section 23 of the Principal Act,

(i) the words "or brought for processing" shall be omitted ; and

(ii) for the words "Provided that, except in case of Agricultural Produce brought for processing,—", the words "Provided that—," shall be substituted."

Mr. Speaker : Motion moved—

That leave be granted to insert new clause 2A after clause 2.

Mr. Speaker : Question is—

That leave be granted to insert new clause 2A after clause 2.

The motion was carried

Shri Girish Chander Joshi : Sir, I beg to move—

That after douse 2 of the Bill, the following shall be

inserted, namely : "2A. In Section 23 of the Principal Act, —

(i) the words "or brought for processing" shall be omitted ; and

(ii) for the words "Provided that, except in case of Agricultural Produce brought for processing,—, "the words "Provided that—"shall be substituted."

Mr. Speaker : Motion moved—

That the clause be considered.

Mr. Speaker : Question is—

That the clause be considered.

The motion was carried

Mr. Speaker : Question is—

That clause 2A stand part of the Bill.

The motion was carried

Clause 3

Mr. Speaker ; Question is—

That Clause 3 stand part of the Bill.

The motion was carried

Clause 4

Mr. Speaker : Question is—

That clause 4 stand part of the Bill.

The motion was carried

Clause 1

Mr. Speaker : Question is—

That clause 1 stand part of the Bill.

The motion was carried

Enacting Formula

Agriculture Minister (Col. Maha Singh) : Sir, I beg to move—

That for the words "Twenty-sixth", the words "Twenty-seventh", be substituted.

Mr. Speaker : Motion moved—

That for the words "Twenty-sixth", the words "Twenty-seventh",be substituted.

Mr. Speaker : Question is—

That for the words "Twenty-sixth", the words "Twenty-seventh" be substituted,

The motion was carried

Mr. Speaker : Question is—

That Enacting Formula, as amended, be the Enacting Formula of the B111.

The motion was carried

Title

Mr, Speaker : Question is—That Title be the Title of the Bill.

The motion was carried

Agriculture Minister (Col. Maha Singh) : Sir, I beg to move—

That the Punjab Agricultural Produce Markets (Haryana Amendment and Validation) Bill, as amended, be passed.

Mr. Speaker : Motion moved—

That the Punjab Agricultural Produce Markets (Haryana Amendment and Vali dation) Bill, as amended, be passed.

Mr. Speaker : Question is—

That the Punjab Agricultural Produce Markets (Haryana Amendment and Validation) Bill, as amended, be passed.

The motion was carried

दि पंजाब कोआमेटिव सोसाइटीज (हरियाणा अमैंडमैंट) बिल, 1976

State Minister for Home and Health (Shrimati Sharda Rani) : Sir, I beg to introduce the Punjab Co-operative Societies (Haryana Amendment) Bill, 1976.

Sir, I also beg to move—

That the Punjab Co-operative Societies (Haryana Amendment) Bill be taken into consideration at mice.

Mr. Speaker : Motion moved-

Tkat the Punjab Co-operative Societies (Haryana Amendment) Bill be taken into consideration at once.

चौधरी रिजक राम (राई) : स्पीकर साहब, इस अमेंडिंग दिल के जरिए यह तजवीज है कि जिन सोसायटीज की इकट्ठा करने जा रहे हैँ और अगर किसी को कोई आब्जैक्शन है, तो उनको दो महीने की बजाय पन्द्रह दिन का टाईम दिया जाए । स्पीकर साहब, जहां तक इन छोटी सोसायटीज को मिलाकर बड़ी सोसायटीज बनाने की बात है, मैं मुख्य मन्त्री महोदय तथा सदन के दूसरे सदस्यों से इतना ही निवेदन करना चाहता हूं कि अपने प्रान्त में इसका तजरुबा है और वह कामयाब नहीं हुआ । आजकल हम देखते हैंकि देहात और शहरों में बहुत सख्त पार्टीबाजी और किसी बात पर भी सहकारी समितियों के सदस्य मिलकर काम नहीं करते ।

दूसरी बात जो मैं कहना चाहता हूं वह सहकारी समितियों के द्वारा किसानों को और दूसरे लोगों को कर्जा देने की है । आज कमर्शियल वैक्स और प्राइवेट मनी लैण्डर्क में कम्पीटीशन है । सरकार प्राइवेट मनी लैण्डर्ज को खत्म करना चाहती है लेकिन जब तक सहकारी समितियों की. सर्विस बिल्कुल

टीक नहीं होगी, आप प्राइवेट मनी लैण्डर्ज को खत्म नहीं कर सकेंगे । आज देहात में और शहरों में जिन आदमियों को रुपया उधार लेने की आवश्यकता होती है, वे ज्यादातर यह चाहते हैं कि उनको जल्दी से जल्दी रुपया उधार मिल जाए और उसमें कोई अड़चन न आए । जहां तक सहकारी समितियों से रुपया उधार लेने का ताल्लुक है, उसमें देर लगनी लाजिमी है । इसलिए जरूरतमन्द आदमी प्राइवेट मनी लैण्डर्ज के पास जाता है । आज हम देखते हैं कि लोगों को बिनौले की जरूरत होती है और कई चीजों की आवश्यकता पड़ती 'है, तो मण्डियों में आढती लोग लोगों को उधार देते रहते हैं और फसल के मौके पर उनसे वसूल कर लेते हैं और जिन लोगों को रुपए की ज्यादा आवश्यकता नहीं होती, उनका रुपया आढती लोगों के पास जमा भी रहता है । आप इस अमेंडिंग बिल के जरिए छोटी सोसायटीज को बड़ी सोसायटीज बनाने चले हैं, वहां इनकी वर्किग को भी इम्प्रूव करें, उसी वक्त ही ये बडी सोसायटीज चल पाएगी । क्योंकि पिछला तजरुबा अच्छा नहीं रहा, क्योंकि गांवों में और शहरों में भी पार्टीबाजी बड़ी सख्त है । अगर आह प्राइवेट' मनी लैण्डर्ज वाला तरीका अख्तियार कर ले ताकि सर्विस प्रौंम्ट हो सके तो के बड़ी सोसायटीज कामयाब हो सकती हैं । मेरा मुख्य मंत्री महोदय से यही निवेदन है कि जब आप इन सो– सायटीज को बड़ी बनाने जा रहे हैं, तो इनकी वर्किग भी इम्प्रूव करें, ताकि प्रान्त में यह सफल हो सकें ।

श्री ओम प्रकाश गर्ग (थानेसर) : आदरणीय स्पीकर साहब, जो बिल सदन के सामने है, इस पर हमारे चौधरी रिजक राम ने अपने विचार रखते हुए यह आशंका प्रकट की कि इन सोसायटीज को बड़ा करने से पार्टीबाजी बढेगी । चौधरी साहब को यह दु:ख होगा कि इनके गांव में जो सोसायटी होगी, वह इनके होल्ड में होगी और उसको बड़ा करने से इनके हाथ से यह निकल जाएगी । अगर पटवार सर्कल में या कई गांवों को मिलाकर एक सोसायटी बना दी जाएगी तो मेरा कहना यह है कि पार्टीबाजी बढने की बजाय खत्म होगी । चौधरी साहब काविचार हैकि जो हमारे तरीके की सोसायटीज हैं, वे नाकामयाब हैं और जो इनके तरीके की सोसायटीज हैं, वे कामयाब हैं । ऐसी बात नहीं है । सरकार जो नए तरीके की यानी कई– कई गांव की सोसायटीज बनाने चली है वे अच्छे तरीके से काम कर सकेंगीं और इस तरह से पार्टीबाजी भी खत्म हो जाएगी । मेरी सदन से यही दरखास्त है कि इसको बहेत अच्छे ढंग से पास करना चाहिए ।

Mr. Speaker : Question is—

That the Punjab Co-operative Societies (Haryana Amedment) Bill be taken into consideration at once.

The motion was carried

Mr. Speaker : Now the House will take up the Bill clause by clause.

Clauses 2 and 3

Mr. Speaker : Question is--

That clauses 2 and 3 stand part of the Bill.

The motion was carried.

Clause 1

Mr. Speaker Question is—

That clause 1 stand part of the Bill.

The motion was tarred

Enacting Formula

State Minister for Home and Health (Shrimati Shard a Rani) : **Sir, I beg to** move—

That for the words "Twenty-sixth", the words "Twenty-Seventh", be substituted.

Mr. Speaker : Motion moved—

That for the words "Twenty-sixth", the words "Twenty-seventh", be substituted.

Mr. Speaker : Question is—

That for the words "Twenty-sixth", the words "Twenty-seventh", be substituted.

The motion was carried

Mr. Speaker : Question is-

That it Enacting Formula, as amended, be the Enacting Formula of the Bill.

The motion was carried.

Title

Mr. Speaker : Question is—

That Title be the Title of the Bill.

The motion was carried,

State Minister for Home and Health (Shrimati Sharda Rani) : Sir, I beg to move—

That the Punjab Co-operative Societies (Haryana Amendment) Bill, as amended, be passed.

Mr. Speaker : Motion moved—

That the Punjab Co-operative Societies (Haryana Amendment) Bill, as amended be passed.

Mr. Speaker : Question is—

That the Punjab Co-operative Societies (Haryana Amendment) Bill, as amended, be passed-

The motion was carried

दि हरियाणा म्युनिस्पिल (अमैंडमैंट) बिल, 1976

Local Government Minister (Chaudhri Pokhar Ram Godara) : Sir, I beg to introduce the Haryana Municipal (Amendment) Bill, 1976.

I also beg to move—

That the Haryana Municipal (Amendment) Bill, be taken into consideration at once.

Mr. Speaker : Motion moved—

That the Haryana Municipal (Amendment) Bill, be taken into consideration at once.

श्री० के० एन० गलाटी (फरीदाबाद) : माननीय स्पीकर साहब, यह जो अमैंडमैंट बिल इस हाउस में आया है,इसको देखकर मुझे बहुत खुशी हुई है और इस नए साल में हरियाणा सरकार यह बिल लाई है तो मैं फख्र से कह सकता हूं कि हरियाणा की जनता के लिए यह अमैंडमैंट बिल लाना जाज बहुत जरूरी था और आज ऐसा बिल लाकर हरयाणा सरकार ने हरियाणा की समस्त जनता के दिलों को जीत लिया है । क्योंकि इससे सिद्ध हो जाता है कि हाउस टैक्स और प्रापर्टी टैक्स एक हो गए तो यह बडी खुशी की बात है जो कि आजं हरियाणा सरकार ऐसी अमैंडमैंट लाकर ऐसा करने जा रही है । इसके साथ मैं एक बात और कहना चाहता हूं कि जो फरीदाबाद काम्पलैक्स है, उसकी प्रोवीजन इसमें नहीं है, तो मेरी मुख्य मन्त्री महोदय व सम्बन्धित लोकल बाडीज के मिनिस्टर साहब से यह दरखास्त है कि वे बहुत जल्दी हीइस में इसका प्रोवेजन कर दें और 1978 में यह भी लागू हो । अतः मैं इस अमैंडमैंट की पुरजोर हिमायत करता हूं और अपना स्थान लेता दुआ स्पीकर साहब, आपका धन्यवाद करता हूं कि आपने मुझे बोलने का समय दिया ।

Mr. Speaker : Question is—

That the Haryana Municipal (Amendment) Bill , be taken into consideration at once.

The motion was carried

Mr. Speaker : Now the House will take up the Bill, clause by clause.

Sub Clause (2) of Clause (1)

Mr Speaker Question is—

That sub-clause (2) of clause 1 stand part of the Bill.

The motion was carried.

Clause 2.

Mr. Speaker : Question is—

That clause 2 stand part of the Bill.

The motion was carried.

Clause 3

Mr. Speaker : Question is—

That clause 3 stand part of the Bill.

The motion was carried.

Sub-clause (1) of clause 1.

Mr. Speaker : Question is—

That sub-clause (1) of clause 1 stand part of the Bill.

The motion was carried.

Enacting Formula

Local Government Minister (Chaudhri Pokhar Ram Godara) ; Sir I beg to move—

That for the words "Twenty-sixth",the words "Twenty-seventh" be substituted.

Mr. Speaker : Motion moved—

That for the words "Twenty-sixth", the words "Twenty-seventh" be substituted.

Mr. Speaker : Question is-

That for the word "Twenty-sixth", the words "Twenty-seventh" be substituted.

The motion was carried,

Mr. Speaker : Question is—

That Enacting formula, as amended, be the Enacting formula of the Bill.

The motion was carried.

Title

Mr. Speaker : Question is—

That Title be the Tilte of the Bill.

The motion was carried.

Local Government Minister (Chaudhri Pokhar Ram Godara) : Sir, I beg to move—

That the Haryana Municipal (Amendment) Bill, as amended, be passed.

Mr. Speaker : Motion moved—

That the Haryana Municipal (Amendment) Bill, as amended, be passed.

Mr. Speaker : Question is—

That the Haryana Municipal (Amendment) Bill, as amended, be passed.

The motion was carried

दि हरियाणा जनरल सेल्ज टैक्स (अमैंडमैंट) बिल, 1976

Excise and Taxation Minister (Shri Shyam Chand) : Sir, I beg to introduce the Haryana General Sales Tax (Amendment) Bill, 1976

I also beg to move—

That the Haryana General Sales Tax (Amendment) Bill, be taken into consideration at once.

Mr. Speaker : Motion moved—

That the Haryana General Sales Tax (Amendment)

Bill, be taken into consideration at once.

श्री हरि सिंह (सम्भालखा) : स्पीकर साहब, आज यह जो विक्रय कर (संशोधन) विधेयक, 1976 इस हाउस में पेश हुआ है, इसमें मैं ऐसा समझता हूं कि यह एक व्यापारी की परिभाषा है, इसमें आगे चलकर यह लिखा गया है कि–

"Provided that a person or a member of his family who sells within the State exclusively the agricultural produce grown by himself or grown on any land in which he has an interest whether as owner, usufructuary, mortgagee, tenant or otherwise shall not be deemed to be a dealer "

तो इस डैफिनीशन से जो एग्रीकल्वरिस्ट हैं, वे भी इस कद में आ जाते हैं और फिर इस में यह कहा गया है कि अगर वह अपनी स्टेट में सेल करेगा तो वह डीलर नहीं माना जाएगा और अगर बातुर सेल करेगा तो वह भी डीलर बन जाएगा, मतलब यह कि उनको भी सेल्ज टैक्स नम्बर लेना पड़ेगा । तो इतना लम्बा चौड़ा जो हिसाब है, उसको व्यापारी ठीक नहीं रख पाता और वह इन की गिरफ्त में आ जाता है, तो यह एक जमीदार के लिए....

आबकारी तथा कराधान मंत्री (श्री श्याम चन्द) : स्पीकर साहब, मेरा प्वांयट आफ आर्डर है, हम जमींदार को गिरफ्त में नहीं ले रहे हैं, हम तो उसे इस में से निकाल रहे हैं ।

श्री हरि सिंह : स्पीकर साहब, मेरा भी यही सब्जैक्ट है,

मेरा मतलब यह है कि एग्रीकल्चर और हार्टीकल्चर प्रोडयूस को आइटम नं. 25 से पहले ही एक्ट के अन्दर माफी थी तो फिर यह परिभाषा लाने की क्या जरूरत थी । इसकी इसलिए करूरत पड़ी कि सेल्ज टैक्स की आइटम नम्बर 25 में हार्टीकल्चर वाले अपनी प्रोडक्शन तो करते हैं हरियाणा में और दिल्ली के आसपास की नरेला जैसी मण्डियों में जाकर सेल करते थे और उन पर कोई टैक्स नहीं था और आफिसर्ज के पास भी कोई ऐसी पावर नहीं थी जो उनको पकड़ लाते । इसी चीज को मद्दे नजर रखते हुए यह डीलर की डैफिनेशन में ऐड किया गया है जो जमींदार हरियाणा स्टेट से बाहर अपनी एग्रीकल्चर प्रोडचूस को भेजेगा, उसको भी सेल्ज टैक्स नम्बर लेना पड़ेगा । मैं समझता हूं कि इसकी कोई खास जरूरत नहीं थी क्योंकि यह तो पहले ही था । मैं सरकार से अर्ज करूंगा कि वह छोटे–छोटे जमींदारों को खामखाह की परेशानी में न डाले । इसके इलावा सैक्शन 9 में अमैंडमैंट लाई जा रही है, वह यह है कि जो भी व्यापारी या मैनुफैक्चरर हरियाणा में रजिस्टर्ड हैं, यानी उसके पास सेल्ज टैक्स नम्बर है और व्यापार करने के लिए वह कोई भी माल खरीदेगा तो उसके ऊपर कोई सेल्ज टैक्स नहीं है और जब वह माल को आगे भेजेगा, तो उसे सेल्ज टैक्स देना पड़ता है और अब सैक्शन 9 में यह अमैंडमैंट लाई गई है कि कोई भी आदमी माल खरीदकर आउट साइड इण्डिया भेजेगा तो परचेज वैल्यू पर टैक्स लगेगा, जो कि पहले नहीं लगता था । इससे क्या असर पड़ेगा । एक्सपोर्ट प्राइस बढ़ेगी, जिससे हमारे देश को मुद्रा का फर्क पड़ेगा

। मैं समझता हूं कि यह अच्छा कदम नहीं है । जो एक्सपोर्ट करते हैं उनकी परचेज कीमत ज्यादा हो जाएगी, तो उसका उठान भी कम हो जाएगा । पहले यह था कि मैनुफैक्चरर जब माल खरीदता था तो वह सेल्ज टैक्स नम्बर दे देता था और उसे माल खरीदने पर सेल्ज टेक्स नहीं देना पड़ता था, अब यह कर दिया है कि वह सेल्ज टैक्स नम्बर पर खरीदेगा और अगर आउट साइड इण्डिया भेजेगा तो उसकी परचेज वैल्यू पर टैक्स पड़ेगा । इससे मैं समझता हूं कि उसकी कास्ट आफ प्रोडक्शन बढेगी और उसको फारेन एक्सचेंज पर भी असर पड़ेगा तो यह भी अच्छा कदम नहीं है । इसके अलावा सैक्शन 44 में अमैंडमैंट की गई है जो कि आनैस्ट टैक्स पेयर के लिए एक हैरासमैंट होगी । फर्ज करो कि कोई सेल्ज टैक्स अफसर किसी व्यापारी पर 50 हजार रुपए टैक्स लगा देता है और इतना टैक्स भरने की उसकी हिम्मत नहीं है तो अब जो नया टैक्स देना है, उसके बारे में यह है कि जब तक वह पैसा नहीं भरेगा, तब तक उसकी अपील सुनी नहीं जाएगी । पहले यह होता था कि अपील सुन लेते थे और अगर उसकी तरफ टैक्स निकलता था तो बाद में जमा करवा सकता था । लेकिन अब जो फैसला हो रहा है, उसमें पहले टैक्स भरना होगा, बाद में अपील की जा सकती है । अब फर्क करो कि जिसी आदमी ने टैक्स के पैसे तो भर दिए और बाद में अपील में आर्डर सैट–असाइड हो जाते हैं, तो उसे रिफंड लेना पड़ेगा । सैक्शन 44 में यह भी अमैंडमैंट है कि कमिश्नर चाहे, तो उसे विद– हैल्ड भी कर सकता है और कमिश्नर का फैसला फाइनल होगा, तो यह अच्छा नहीं

किया है । उसके रिफण्ड को विद–हैल्ड किया जा रहा है और वह अपील में जा सकता है, यहां तक तो ठीक था, लेकिन अपील का फैसला होने के बाद भी विद–हैल्ड किया जाए, यह ठीक नहीं है । ठीक है कि कोई खराब किस्म का व्यापारी है, उसका तो विदहैल्ड कर लो, लेकिन सभी को इसमें नहीं लेना चाहिए । दूसरी बात यह हैकि अगर उसको रिफण्ड मिल भी गया, तो जितनी देर उसकी रकम विद–हैल्ड रही, उस समय का उसे इंट्रैस्ट भी नहीं मिलेगा, तो इस एक्ट के जरिए सब से ज्यदा आनैस्ट टैक्स पेयर्ज के साथ ज्यादती होगी इसलिए इस पर अगर सरकार गौर फरमा ले तो बड़ा मशकूर हूंगा ।

Excise and Taxation Minister (Shri Shyam Chand): Mr. Speaker, Sir, in the 'dealer's definition we have excluded the farmer from the grip of this law. I think there was some confusion with the Hon. Member.

Secondly as far as the tax on the export is concerned there are two verdicts of the Supreme Court—one is Mohd. Sarrujudin Vs. State of Orissa; and the second is, M/s Nay. Rajasthan Minerals Vs. Union of India. In both the verdicts, the Supreme Court has held that on the last sale of the goods when it is meant for export then only it will be exempt from the tax. In the intervening sales from first to the last sale, sales tax is leviable. This is the Judgement of the Supreme Court. We are implementing the decision of the Supreme Court. There is nothing new that we are going to do about it. It will not affect our exports rather it will increase the revenues of the State.

Thirdly as far as interest on the refund is concerned there is hardly any case in the State. For further if any occasion arises it is not meant for that. We have not done any case so far in the State of Haryana and I don't think there will be any opportunity of doing it. Now I will request that the Bill be passed.

Mr. Speaker : Question is—

That the Haryana General Sales Tax (Amendment) Bill be taken into consideration at once.

The motion was carried.

Mr. Speaker : Now the House will take up the Bill clause by clause.

Mr. Speaker : Question is—

That clauses 2 to 12 stand part of the Bill.

The motion was carried.

Clause 1

Mr. Speaker : Question is—

That clause 1 stand part of the Bill.

The motion was carried.

Enacting Formula

Excise and Taxation Minister (Shri Shyam Chand) : Sir, I beg to move—

That for the words "Twenty-sixth" the words

"Twenty-seventh" be substituted.

Mr. Speaker : Motion moved—

That for the words "Twenty-sixth", The words "Twenty-seventh" be substituted.

Mr. Speaker : Question is—

That for the words "Twenty-sixth" the words"Twenty-seventh" be substituted,

The motion was carried.

Mr. Speaker : Question is—

That Enacting formula, as amended, be the Enacting formula of the Bill.

The motion was carried.

Title

Mr. Speaker : Question is—

That Title be the Title of the Bill.

The motion was carried.

Excise & Taxation Minister (Shri Shyam Chand) ; Sir, I beg to move—

That the Haryana General Sales Tax (Amendment) Bill, as amended be passed.

Mr. Speaker : Motion moved—

That the Haryana General Sales Tax (Amendment) Bill, as amended, be passed.

Mr. Speaker : Question is—

That the Haryana General Sales Tax (Amendment) Bill, as amended, be passed.

The motion was carried.

दि हरियाणा सीलिंग आन लैन्ड होल्डिगज (अमैंडमैटं) बिल,1976

Revenue Minister (Pandit Chiranji Lal Sharma) Sir, I beg to introducethe Haryana Ceiling on Land Holdings (Amendment) Bill, 1976 . **I** also beg to move—

That the Haryana Ceiling on Land Holdings (Amendment) Bill be taken into consideration at once.

Mr. Speaker : Motion moved—

That the Haryana Ceiling on Land Holdings (Amendment) Bill be taken into consideration at once.

चौधरी रिजक राम (राई) : स्पीकर साहब, यह बिल जो कि हरियाणा लैण्ड सीलिंग ऐक्ट में तरमीम के लिए लाया गया है इसके बारे गे मैं अपने विचार. रखना चाहता हूं । कोशिश यह की गई है कि इस ऐक्ट के सम्बन्ध में जो हाई कोर्ट के फैसले आए और उन्हेंने जो त्रुटियां बताई, वे. दूर कर दी जाएं । लेकिन मैं ऐसा सोचता हूं कि इस अमैंडिंग बिल से उस ऐक्ट में जो कमियां

रह गई थीं, वे दूर नहीं हो सकतीं । वह ऐक्ट और उस ऐक्ट में अब ये लाई गई तरमीमें इस ढंग से की गई हैं कि अव्वल तो इनका समझना ही मुश्किल है, बहुत ही कठिनाई से इनको समझा जा सकता है दूसरे यह कि जहां एक कमी पूरी करने की कोशिश की गई हैं, वहां उस में और कमियां, त्रुटियां और पेचीदगियां पैदा कर दी गई हैं । मैं सदन का ज्यादा समय न लेते हुए कुछ बातों के बारे में जिक्र करना चाहता हूं । स्पीकर साहब, इस तरमीमी बिल के जरिए पहले जो ऐक्ट में फैमिली की डैफिनिशन थी उस में तरमीम कई? गई है । जहां पहले फैमिली की डैफिनीशन यह थी "Family means husband, wife and their minor children or any one or more of them. वहां उसमें अब एक की बजाय दो का शब्द जोड़ दिया गया है और उसके साथ–साथ एक्सप्लेनेशन में भी शब्द बढ़ाए गए हैं । आप मुलाहिजा फरमाएं कि एक्सप्लेनेशन में अब यह दिया गया है कि Child shall include - child of the husband from his deceased or diverced wife and living with him. इस बात पर ज्यादा जोर दिया गया है कि वह बच्चा अपने मां–बाप या दोनों के पास रहना चाहिए तब ही वह फैमिली में शुमार होगा । इसका मतलब है कि अगर एक नाबालिग बच्चा अपने मामूं या और किसी रिश्तेदार के पास वहां पढने की वजह से या और किसी वजह से रहता है, तो वह फैमिली में नहीं आएगा । यह बात भी उनको देखने की जरूरत है कि यह क्या प्रोविजन है । इससे आगे नम्बर दो पर कहते हैं कि Child hall include child of the wife from her deceased or divorced husband and living

with her डीसीजड हसबैडं की जो महिला होती है, उसे इस बिल में जो अब सदन के सामने है, वाइफ दिखाया गया है, लेकिन आप सब जानते हैं कि पति के मरने के बाद पत्नी बेवा या विडो कहलाती है, लेकिन यह उसे वाइफ ऑफ डिसीजड हसबैडं कहते हैं यानी हसबैडं के मरने के बाद भी उसे वाइफ ही लिखा है । अब पता नहीं मेरी समझ में कमी है या इस बिल की ड्राफटिंग में गलती रह गई है जो पति के मरने के बाद भी उसे वाइफ कहा गया है । इससे आगे नम्बर तीन पर लिखा है.

For evaluating the land of any person at any time under this Act, the land owned by him immediately before the commencement of this Act as well as the land acquired by him after such commencement by inheritance, bequest or gift from a person to whom he is an heir shall be evaluated as if the evaluation was being made on the appointed day and the land acquired by him after the appointed day in any other manner shall be evaluated as if the evaluation was being math on the date of such acquisition.

यह बात पहली दफा सुनी है कि किसी पति के जिम्मे यह लग जाए कि उसका चाइल्ड इल्लैजटिमेट है । पता नहीं कैसे उसे आइडैटीफाई करेंगे और वह बच्चा कैसे किसी पति का होते हुए इल्लैजिटिमेट बन जाएगा । यह तो सुना था कि किसी औरत के इल्लैजिटिगेट बच्चा हो सकता है लेकिन किसी पति का भी इल्लैजिटिमेट बच्चा हो सारुता है, यह बात पहली दफा सुनी है । यह तो नई बात है जो पहले नहीं सुनी थी– (बिहन)–फिर आप

इस बिल की सैक्शन 3 की सब–सैक्शन 6 को मुलाहिजा फरमाएं. चाहते हैं, वह पूरे हो सकेंगे । स्पीकर साहब यह जो मेन ऐक्ट बना और उसके बारे में यह तरमीमी बिल आया है, इनका एक उद्देश्य तो यह है कि प्रोडक्शन में कमी न हो दूसरा यह है कि सोशल जस्टिस हो, यानी जिनके पास रोटी कमाने के साधन नहीं हैं भूमि नहीं हैं, उनको हम भूमि देकर इस काबिल बना दें कि वे पैदा करके रोटी खा सकें । तो क्या ये दोनों उद्देश्य इन से पूरे हो सकते हैं? आप देखेंगे कि कोई भी पर्पज इन से पूरा नहीं हो सकता । अव्वल तो यह जो तरमीमें लाए हैं, और जो सैंक्शन्ज मौजूद हें उनके द्वारा इस ढंग से कानून बनाया जा रहा है कि जो भूमि पुराने ऐक्ट, मेन ऐक्ट के तहत सरप्लस हुई थी, वह खत्म हो जाएगी और इस तरमीमी बिल के जरिए सरप्लस जमीन निकलने की सम्भावना नहीं है । आप देखें प्राइमरी यूनिट जो रखा है, उसमें आप मुलाहिजा फरमाएं यह रखा है कि हसबैडं वाइफ और तीन बच्चे । इनके बाद अगर पांच से ज्यादा नाबालिग बच्चे हैं, तो उनको एक बटा पांच के हिसाब से और जमीन मिलेगी और अगर उस फैमिली में तीन या चार बच्चे अडल्ट हैं, तो उनको उसी हिसाब से सैप्रेट यूनिट के हिसाब से और जमीन मिलेगी ।

आप देखें, जहां बारानी भूमि है, वहां 21.8 हैक्टेयर तक मिल सकती है । फैमिली यूनिट के लिए प्राइमरी यूनिट के लिए 21.8 हैक्टेयर प्रोवाइड किया है । अगर ज्यादा बच्चे हों, तो 1/5 हिस्सा और बढ्ता चला जाएगा और यह 30 हैक्टेयर भी हो सकता

है, 35 भी हो सकता है, और 50 भी हो सकता है । यूक फैमिली में चार मैंबर नौजवान हों और चारों के चारों लड़के हों, तो उनको उसी हिसाब से 25 या 30 हैक्टेयर भूमि मिलेगी, जो चित्र 100 हैक्टेयर तक भी जा सदति'' है, इससे ऊरर भी जा सकती है । जो 1953 का पडुला एक्ट था, उसनें स्पीकर साहब इतनी. बात थो कि या तो 30 स्टैण्डर्ड एकड़ या 50 स्टैण्डर्ट एकड़ इवैक्यू लैण्ड थी वहं 60 या 100 आर्डिनरी एकड़ बनती थी । अब 100 से ज्यादा भी जा सकती है, 150 तक भी जा सजती है । स्पीकर साहब, मैं अपनी तरफ से कुछ नहीं कह रहा । इस सिलसिले में रेवैन्यू मिनिस्टर साहब ने खुद अपनी स्पीच में कहा । मिनिस्टर साहब 1972 में, बिल पास करते वक्त स्पीच दे रहे थे, वह स्पीच मैं उन के नोटिस में लाना चाहता हूं ।

पडिंत चिरंजी लाल शर्माः 1972 में जो बिल पास हुआ था, उस पर मेरो कोई तक– रीर नहीं हुई थी– (व्यवधान) –

चौधरी रिजक रामः नहीं होगी., तो इनकार कर दीजिए ।

Mr. Speaker : you are successor of somebody.

चौधरी रिजक रामः 4 अक्तूबर, 1972 को हरियाणा विधान सभा की डिबेट सफा 60 से स्पीच शुरु होती है । एज ए मैंबर जो आपने स्पीच दी है, उसका हवाला दे रहा हूं । ऐज ए मैंबर जो स्पीच दी है, उसको एज ए मिनिस्टर नहीं बदलना चाहिए

। उस वक्त आप यह समझ रहे थे कि यह बिल नाकाबले अमल है । ये अपनी स्पीच में कहते हैं.

Pandit Chiranji L al Sharma : Mr . Speaker, Sir, I was not inducted in the Cabinet on the 8th October, 1972 and **I** was not **a** Minister when this Bill was introduced and passed.

चौधरी रिजक राम : इन्होंने 4 अक्तुबर, 1972 की डिबेट में भाषण दिया है–

''मैं डो लफजों 'अवेलेबल' और 'सूटेबिलिटी' पर अर्ज कन्हैया । इसके साथ–साथ, यह जो डैफिनेशन की क्लाज 3 (1) है, इसमें लैड को डिफाइन किया गया है । बड़ी खूबसूरती के साथ डिफाइन किया गया है । मैं आप से अर्ज करुं कि बिल के ऑब्जैक्ट्स में बतलाया है कि इस बिल से जो लैण्ड अवेलेबल होगी, वह ज्यादा होगी या कम होगी, यह अलग बात है, लेकिन इतना जरूर है कि इस लैड रिफार्म बिल के जरिए लैड पर सीलिंग से पहले सारे कन्ट्री में हा–हाकार मचा हुआ है । जमींदारों के दिमागोंपर यह इम्प्रैशन बैठा हुआ है कि जमीन ली जाएगी । जमींदार को जमीन बड़ी प्यारी है जैसे हमें अपना बेटा प्यारा है । इस बिल के आने से ऐसा माहौल हो गया है, जिससे जमींदार समझने लगा है कि उसकी जमीन खुसने वाली है, छिनने वाली है, वह बेचौन रहने लगा । दूसरी तरफ सोशलिस्टिक पैटर्न आफ सोसायटी का नारा है । क्या इस विल से वाकई जमीन खत्म हो

रही है? मैं कहता हूं कि 'नो' । स्पीकर साहब, अगर आप पिछला ला देखें, तो उसमें परमिसिबल एरिया 30 स्टैण्डर्ड एकड है and in the case of displaced persons it is 50 standard acres. लेकिन यहां 30 स्टैण्डर्ड एकड़ वाली बात नहीं, 50 स्टैण्डर्ड एकड़ वाली बात नहीं, यहां परमिसिबल एरिया क्लाज 4 में डिफाइन किया गया है ।

स्पीकर साहब, अब तो लिमिटलैस हो गई है, पहले 30 स्टैण्डर्ड एकड़ लिमिट थी । एक फैमिली यूनिट, जिसमें तीन नाबालिग बच्चे और मां–बाप हैं, इन पांचों को अब 18 एकड़ जमीन छोड़ी है । अगर एक आदमी के पास तीन, चार, पांच और छः नाबालिग बच्चे हैं और दो, तीन बालिग हैं, तो आप अन्दाजा लगाएं कि हशर क्या होगा । 18 एकड़ तो फैमिली यूनिट को मिलेगी, जिसमें तीन नाबालिग बच्चे हैं । तीन नाबालिग बच्चों की जमीन 1/5 को 3 से मल्टीप्लाई करके इस 18 एकड़ में जमा करो । दूसरी तरफ फर्ज किया 3 बालिग बच्चे हैं या चार हैं, उन को 18 X 4 = 72 एकड़ जमीन हो गई । मेरा ख्याल है, जिससे जमींदार परेशान है, उसको परेशान होने वाली कोई बात नहीं है, क्योंकि यह बिल तो उनकी मदद करता है । अब 30 स्टैण्डर्ड एकड़ की बजाय 100 एकड़ तक लिमिट पहुंच गई ।''

स्पीकर साहब, उस वक्त यह इनका भाषण था और अब इसमें हाउस के सामने संशोधन ला रहे हैं

श्री अध्यक्षः क्या यह सोनीपत का झगड़ा है?

चौधरी रिजक राम : झगड़ा तो सारे प्रान्त का है । इससे जो सर्पलस एरियाज हैं प्रमिसिबल एरियाज हैं, उनमें बढौत्तरी का सवाल नहीं है, बल्कि कभी आएगी । अब जो नई क्लाज इंट्रोडयूस की है, उससे बडाई जा सकती है । स्पीकर साहब, जहां तरमीम करनी चाहिए, उसको सरकार ने छेडा नहीं । क्लाज 4 के मुताबिक 100 एकड़ से 150 एकड़ तक एक–एक कुनबे के पास जमीन रह सकती है और इससे पहले 30, 80 या 100 एकड से ज्यादा नहीं हो सकती । इसके इलावा एक और बात थी । 1953 के ऐक्ट में दफा 6 के द्वारा अगर किसी ने 15 अगस्त, 1947 के बाद, बगैर रुपए लिए, मैलाफाइडी को ट्रांसफर किया तो वह नाजायज थी, वह सर्पलस एरिया को इफैक्ट नहीं करती थी । इसके साथ ही क्लाज 18 के तहत 2 फरवरी, 1955 के बाद जितनी ट्रांसिंफर थी, सिवाय इसके कि सरकार उनको एक्वायर करे या इनहैरिटैंस के जरिए ट्रांसफर हुई थी, बाकी जितनी ट्रांसफर थी, वे नाजायज थीं, वे सर्पलस एरिया को इफैक्ट नहीं करती थीं, लेकिन अब इस ऐक्ट में दफा 8 की तरफ मैं मुलाहिजा दिलाऊगा कि इस में अप्वायंटड–डे क्या है । अप्यायंटड–डे रखा है, जुलाई, 1958 । जुलाई 1958 तक जितनी भी ट्रांसफर होगी, वह नाजायज होंगी..

पंडित चिरंजी लाल शर्मा : अप्वायंटड–डे 24 जनवरी, 1971 होगी– (व्यवधान)

चौधरी रिजक राम : सैक्शन 8 में लिखा है –

"Save in the case of land acquired by the Union Government or the State Government under any law for the time being in force or by a tenant under the Pepsu law or the Punjab law or by an heir by inheritance, no transfer of land in excess of : —

(a) the permissible area under the Pepsu law or the Punjab law after the appointed day of July, 1958."

यानी उसके बाद जो भी ट्रांसफर होगी, वह सर्पलस एरिए को इफैक्ट नहीं करेगी । पुराने एक्ट में 15 अगस्त, 1947 की तारीख रखी थी और फरवरी, 1955 की तारीख रखी हुई थी, कि उसके बाद जितनी भी ट्रांसफर्ज हैं, वे नाजायज हैं और सर्पलस एरिया को इफैक्ट नहीं करेगी । अब इस एक्ट में जुलाई, 1958 कर रखा है कि इसके बाद की जो ट्रांसफर हैं, वह इफैक्ट नहीं करेगी । आप अगला प्रोवीजन पढ़िए–

"The permissible area under this Act except a bonafide transfer after the appointed day. No transfer of land in excess of the permissible area under this Act except a bonafide transfer after the appointed day."

और भी कई बातें हो सकती हैं । कोई मालिक 24 जनवरी, 1971 के बाद यदि बोनाफाइडी ट्रांसफर कर दे तो वह भी जायज । तो आप बताएं कि आप घटाना चाहते हो या बढ़ाना चाहते हो, हुस ऐक्ट के जरिए?

16.00 बजे

परिवहन मत्री (श्री के ०एल०पोसवाल) : आप क्या चाहते हो?

चौधरी रिजक राम : मैं यह चाहता हूं...

मुख्य मन्त्री (श्री बनारसी दास गुप्त) : आप तो खुद कहते थे कि छोटे–छोटे टुकड़े होते जा रहे हैं । –(विध्न) –

चौधरी रिजक राम : मैं तो यह चाहता हूं कि यह जो शोर पड़ रहा है जमीन बांटने का, यह खत्म होना चाहिए । मैं मुख्य मन्त्री जी और रैवेन्यू मिनिस्टर साहब से प्रार्थना करता हूं कि बजाए इसके कि आप खाली शोर डालते रहें, आप इसको निपटा दें ।

श्री बनारसी दास गुप्त : निपटा रहे हैं ।

चौधरी रिजक राम :यह अमैंडिंग बिल फिर हाई कोर्ट में नाजायज करार दिया जाएगा । इसमें बहुत सी कंट्राडिक्शन्ज हैं । यह बात नहीं होनी चाहिए कि देहात में हमेशा तकरार बना रहे । आज किसान तो सोचता है कि तेरी भूमि ले जाएंगे और लैण्ड लैस हरिजन और दूसरे लोग सोचते हैं, कि तुम्हें भूमि मिलेगी । अगर आप सचमुच ही इस झगड़े को निपटाना चाहते हैं, तो भले ही आप सबको एक–एक बीघा या आधा बीघा दे दो, मगर दे दो जरूर । इसको लटकाओ मत । चौधरी मनफूल सिह जी यहां बैठे

हुए हैं । इन्होंने पिछली दफा बोलते हुए इस बारे में बहुत अच्छा कहाथा, अगर इजाजत होतो कह दूं । –(विघ्न) ––

श्री अध्यक्ष : आर्डर प्लीज । असल बात यह है कि ये औरों की स्पीच का हवाला इसलिए दे रहे हैं कि मेन ऐक्ट पर बोल लें । दरअसल चौधरी साहब, इसका स्कोप बडा लिमिटेड है ।

श्री बनारसी दास गुप्त : स्पीकर साहब, बात यह है कि हम तो झगड़े को समाप्त करते हैं, मगर ये झगड़े को पैदा करते हैं । अगर ये खामोश रहें, तो कोई झगड़ा नहीं है यह सारा सैटल हो जाएगा ।

चौधरी रिजक राम : स्पीकर साहब, मुख्य मन्त्री जी ने फरमाया था कि बात तो बाहर जानी नहीं लेकिन इनको सुनाना मैं ठीक समझता हूं, ताकि ये एक दफा बैठकर इसको सुलझा दें । जिस वक्त यह बिल आया सन् 72 में, उस वक्त सरकार की तरफ से फरमाया गया कि डेढ़ लाख के करीब भूमि सरप्लस जाएगी । उसके बाद इसका निरीक्षण किया गया और दो तीन दिन हुए अब मुख्य मन्त्री जी ने यहां बोलते हुए कहा कि 92 हजार एकड़ के करीब भूमि सरप्लस आने की उम्मीद है । यह जो गरुद्वारे और मन्दिर वगैरह की जमीन छूट जाएगी, उसके बाद कोई 87 हजार या 65 हजार एकड़ के करीब जमीन सरप्लस आने की उम्मीद है, ऐसा मैं समझता हूं । स्पीकर साहब, यह खामख्वाह का शोर है,

क्योंकि ऐक्ट को इन्होंने ऐसा कर दिया है कि उसमें कोई जमीन सरप्लस आने की मुझे कोई आशा है नहीं, लेकिन फिर भी मैं जिद करता नहीं । मैं तो सिर्फ यह चाहता हूं कि आप जो चाहते हैं, वह कर दो । असल किस्सा यह है कि यह चाहते हैं कि जमीन न बटे, शोर ये कर रहे हैं, कि बंटनी चाहिए । अगर बांटनी है, तो बांट दो, नहीं तो कह दो कि नहीं बंटनी चाहिए । – (विध्न) –स्पीकर साहब 65 हजार एकड़ के करीब जमीन सरप्लस बची है । 18 लाख के करीब हरिजन हैं, इस हरियाणा प्रान्त में । फिर यहां बैकवर्ड क्लासिज के लोग भी हैं, ऐक्स सर्विसमैन को भी ये देना चाहते हैं । फिर जो छोटे किसान हैं, मार्जिनल फारमर्ज हैं, उनको भी देना चाहते हैं । ये सब 12 लाख के करीब बनते हैं और हरिजनों को मिलाकर 30 लाख के करीब लोग हैं, जिनको ये जमीन देना चाहते हैं, जबकि जमीन है केवल 6 5–6 7 हजार एकड़ । इसके अलावा, स्पीकर साहब, इजैक्ट होने वालेटैनैन्ट हैं, उनको भी ये बसाएंगे ।

श्री बनारसी दास गुप्त : हमने यह कब कहा है कि हम हरेक भूमि हीन को जमीन देंगे । जितनी है हमारे पास उतनी दे दे देंगे ।

चौधरी रिजक राम : इसको ये जितना लेट करेंगे, खामख्वाह उतनी ज्यादा टैशन देहात में होगी । इसका कोई फायदा नहीं है । स्पीकर साहब, यह जो अमैंडिंग बिल ला रहे हैं, इसमें इतनी कन्ट्राडिक्शन्ज हैं कि यह कभी सिरे नहीं चढ. सकता

